# कार्यालय नगर पालिका परिषद बहराइच

संं0– 68/रा0वि0आ0–पा0नि0/नाला सफाई/टेण्डर/2021–22 दिनांक 07.05.2021

**अति अल्पकालिक निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद बहराइच के साथ–साथ अन्य विभागों मे विगत वर्ष 2020–21 एंव 2021–22 में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो ( जिनके हैंसियत/चरित्र प्रमाण पत्र निर्धारित समय सीमा के अन्दर के हों) को सूचित किया जाता है कि राज्य वित्त आयोग अनुदान/पालिका निधि के अन्तर्गत स्वीकृत निम्नलिखित 08 नालों की तल्लीझार सफाई के कार्यो हेतु दिनांक 15.05.2021 को अपरान्ह 4:00 बजे तक सीलबन्द निविदायें नगरपालिका परिषद बहराइच के निर्माण अनुभाग में एंव प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय बहराइच कार्यालय तथा उप जिलाधिकारी कार्यालय बहराइच में निम्नलिखित शर्तो के अधीन आमन्त्रित की जाती है। जो उसी दिन सायं 4:15 बजे उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष सीलबन्द निविदायें प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय बहराइच के कार्यालय कक्ष में अधिशासी अधिकारी एंव प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय बहराइच द्वारा खोली भी जायेंगी। निविदा के साथ 2% धरोहर धनराशि की एन0एस0सी0/एफ0डी0आर0/टी0डी0आर0/सी0डी0आर0 जो अधिशासी अधिकारी के पद नाम से बन्धक हो, जमा करना होगा। निविदा फार्म नगरपालिका परिषद बहराइच के निर्माण अनुभाग से निर्धारित मूल्य जमा करके दिनांक 15.05.2021 को प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते हैं। प्राप्त सभी निविदाओं अथवा न्यूनतम निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त किये जाने का अधिकार अध्यक्ष महोदया को होगा। सशर्त निविदायें स्वीकार नही की जायेगी। अपरिहार्य कारणों से यदि निविदा प्राप्त होने या खोलने की तिथि पर कार्यालय बन्द रहता है, तो निविदा प्राप्त होने या खोलने की कार्यवाही अगले कार्यालय दिवस में की जायेगी। स्थान व समय तथा निविदा की बैधता अवधि पूर्ववत् रहेगी। जी0एस0टी0 का भुगतान नियमानुसार किया जायेगा। सम्बधित निविदा सूचना एंव शर्तो की जानकारी नगरपालिका परिषद, बहराइच की वेब साइट –WWW.bahraichnpp.in पर देखी जा सकती है। निविदा की कार्यवाही के समय कोविड–19 का अनुपालन ठेकेदारों का करना होगा।

| क्र0 सं0 | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत | 2 प्रतिशत धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | जी0एस0टी0 18 % | निविदा प्रपत्र का कुल मूल्य | कार्य समाप्त करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | इसहाक दूध वाले के पास से नगर पालिका के पीछे जिला जज आवास के बगल से होते हुए पक्के नाले तक नाला सफाई का कार्य। | 524052.00 | 10500.00 | 550.00 | 99.00 | 649.00 | एक माह |
| 2 | दरगाह रोड से तोताराम इण्टरलाकिंग फैक्ट्री के बगल से ईदगाह पुलिया होते हुए हरदव घाट तक नाला सफाई का कार्य। | 635561.00 | 12750.00 | 650.00 | 117.00 | 767.00 | एक माह |
| 3 | नानपारा बस स्टैण्ड से अज्जन सैय्यद वाडा होते हुए बाईपास तक नाला सफाई का कार्य। | 556004.00 | 11150.00 | 600.00 | 108.00 | 708.00 | एक माह |
| 4 | जेल रोड पर स्थित पुलिया से कटी के पास कच्चे नाले तक नाला सफाई का कार्य। | 655694.00 | 13150.00 | 700.00 | 126.00 | 826.00 | एक माह |
| 5 | होमगार्ड आफिस के पीछे से नूरूद्दीन के खेत तक नाला सफाई का कार्य। | 591782.00 | 11850.00 | 600.00 | 108.00 | 708.00 | एक माह |
| 6 | नूरूद्दीन खेत के पास पुलिया से त्रिमुहानी घाट के पास पुलिया तक नाला सफाई का कार्य। | 595666.00 | 11950.00 | 600.00 | 108.00 | 708.00 | एक माह |
| 7 | बाईपास रोड से तमाचपुर मार्ग के किनारे–किनारे हाइवे मार्ग से पहले तक नाला सफाई का कार्य। | 543141.00 | 10900.00 | 550.00 | 99.00 | 649.00 | एक माह |
| 8 | तमाचपुर मार्ग के किनारे–किनारे हाइवे के पहले से भोला मन्दिर के आगे तक नाला सफाई का कार्य। | 588003.00 | 11800.00 | 600.00 | 108.00 | 708.00 | एक माह |

**शर्ते–**

1– निविदा के सीलबन्द लिफाफे पर निविदा कार्य संख्या एंव कार्य का नाम अंकित करना होगा।

2– कार्य के भुगतान के समय जी0एस0टी0 का भुगतान नियमानुसार किया जायेगा।

3– कार्य की गुणवत्ता लो0नि0वि0 मे प्रचलित नियम के अनुसार एंव सभी नालों की सफाई तल्लीझार होगी। नाला साफ कराये जाने से पूर्व, नाला साफ कराते समय, नालों की सफाई का कार्य पूर्ण होने के उपरान्त सभी नालों की जियोटैग्ड फोटोग्राफ कराना अनिवार्य होगा। नालों की समुचित सफाई मानक के अनुसार पूर्ण होने के पश्चात भुगतान की कार्यवाही की जायेगी।

4– निविदा डालने से पूर्व नालों का स्थलीय सत्यापन तथा निविदा में दी गयी मात्रा का अवलोकन किये जाने के उपरान्त ही ठेकेदार/फर्म निविदा में भाग लें।

5– नालों की सफाई से सम्बंधित आगणनों में दी गयी कार्य की मात्रा के सापेक्ष यदि कोई विचलन होता है अथवा कार्य स्थल पर कोई अतिरिक्त मद का कार्य आवश्यकता के दृष्टिगत अवर अभियन्ता/सहायक अभियन्ता (सिविल) के निर्देशानुसार कराया जाता है तो कराये गये कार्य की मात्रा के अनुसार एंव अतिरिक्त मद के कार्यो का भुगतान पालिका द्वारा अलग से किया जायेगा।

6– निविदा स्वीकृत/कार्यादेश निर्गत होने के पश्चात ठेकेदार/फर्म द्वारा नियमानुसार अुनबन्ध की कार्यवाही पूर्ण करने के उपरान्त कार्य स्थल पर लगाये जाने वाले श्रमिकों का पंजीकरण श्रम विभाग में 03 दिवस के भीतर कराकर पंजीयन प्रमाण पत्र उपलब्ध कराना होगा।

7– निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त कार्यादेश निर्गत होने की तिथि से अविलम्ब ठेकेदार को कार्य प्रारम्भ कराना अनिवार्य होगा। कार्य प्रारम्भ की सूचना अवर अभियन्ता/सहायक अभियन्ता को लिखित रूप में ठेकेदारों को देना होगा। तदुपरान्त अवर अभियन्ता/सहायक अभियन्ता के निर्देशानुसार कार्य प्रारम्भ कराया जायेगा।

8– नालों की सफाई के कार्य में लगे श्रमिकों की संख्या प्रतिदिन स्थलवार अवर अभियन्ता को उपलब्ध करायी जायेगी।

9– स्थल पर श्रमिकों से नालों की सफाई का कार्य कराते समय कोविड–19 के दृष्टिगत समस्त निर्देशों का पालन करते हुए सोशल डिस्टेसिंग रखाने का उत्तरदायित्व सम्बंधित ठेकेदार/फर्म की होगी।

10– उपरोक्त समस्त शर्तो का पालन ठेकेदार/फर्म को करना होगा अन्यथा की स्थिति में स्वीकृत निविदा पर विचार नही किया जायेगा।

( पवन कुमार )
अधिशासी अधिकारी
नगरपालिका परिषद
बहराइच।

( रूबीना रेहान )
अध्यक्ष
नगरपालिका परिषद
बहराइच।

पृ0सं0 एवं दिनांक– उपरोक्त

प्रतिलिपि–

1– जिलाधिकारी महोदय को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

2– प्रभारी अधिकारी महोदय स्थानीय निकाय बहराइच को उपरोक्त नाला सफाई के कार्यो के निविदा प्रपत्रों की पांच–पांच प्रतियॉ इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उपरोक्तानुसार निविदा फार्मो की बिक्री हेतु किसी कर्मचारी को अधिकृत करने के साथ – साथ निर्धारित तिथि एंव समय पर टेण्डर बाक्स में पडे निविदा फार्मो को खोलने का कष्ट करें।

3– उपजिलाधिकारी महोदय बहराइच को उपरोक्त नाला सफाई के कार्यो के निविदा फार्मो की पांच–पांच प्रतियां इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि निर्धारित तिथि को निविदा फार्मो की बिक्री तथा निविदा फार्मो को जमा किये जाने हेतु अपने अधीनस्थ किसी कर्मचारी को अधिकृत करने की कृपा करें।

4– कार्यालय जिलाधिकारी बहराइच/उपजिलाधिकारी बहराइच/नगर पालिका परिषद बहराइच के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।

अधिशासी अधिकारी
नगरपालिका परिषद
बहराइच।